विशेष रिपोर्ट

बुलियन

(मार्च 2021)

smc

Moneywise. Be wise.

बुलियन का प्रदर्शन (फरवरी 2021) (%)



स्रोत: एसएमसी रिसर्च एवं रॉयटर्स

बुलियन का प्रदर्शन (जनवरी से फरवरी 2021) (%)



स्रोत: एसएमसी रिसर्च एवं रॉयटर्स

फरवरी के महीने में, सोने की कीमतों में लगभग 6% की गिरावट हुई जबकि काफी अधिक उतार-चढ़ाव के बाद चांदी की कीमतें लगभग सपाट रही। 2021 के पहले महीने में बढ़ती यील्ड, उतार-चढ़ाव वाले इक्विटी बाजार, डॉलर के मजबूत होने से सोने की कीमतों में गिरावट होती रही है। यह रुझान फरवरी में जारी रहा, जिसमें सोने की कीमतें कई-महीने के निचले स्तर पर पहुंच गई और अमरीकी डालर में इस महीने में 6.5% की गिरावट हुई और वायरस भय, कम ब्याज दर और अभूतपूर्व स्टीमुलस के कारण 2020 में एक दशक में सबसे अधिक बढ़त दर्ज करने के बाद इस वर्ष में अब तक लगभग 8.5% की गिरावट हुई है। यद्यपि सोने को मुद्रास्फीति के खिलाफ एक बचाव माना जाता है, लेकिन हाल ही में उच्च बांड यील्ड ने इस स्थिति को कमजोर कर दिया है । फिर भी 10-वर्षीय अमेरिकी ट्रेजरी की यील्ड के एक साल के उच्च स्तर से थोड़ा कम होने के कारण सोने की कीमतों को गिरावट से थोड़ी राहत भी मिली। कोरोनावायरस बीमारी के खिलाफ टीकाकरण अभियान की शुरुआत और आर्थिक गतिविधियों में तेजी के कारण लोग अब अधिक मुनाफे के लिए अधिक जोखिम भरे निवेश विकल्पों की ओर रुख कर रहे हैं। इनमें इक्विटी और क्रिप्टोकरेंसी जैसे विकल्प शामिल हैं। लोग इक्विटी और क्रिप्टोकरेंसी जैसी जोखिम भरी संपत्तियों में निवेश करना चाहते हैं।

आउटलुक

सोने की कीमतों में नरमी का ही रूझान है, और अभी इसकी कीमतों में तेजी के रूझान को कोई संकेत नहीं है, जब तक कि हमें मुद्रास्फीति की संभावनाओं में एक वास्तविक उछाल नही मिलती है या फेड यील्ड वक्र को नियंत्रित करने की बात नही करता है। इसके अतिरिक्त गवर्नर पॉवेल द्वारा अमेरिकी अर्थव्यवस्था को पूर्ण रोजगार तक वापस लाने के लिए अमेरिकी केंद्रीय बैंक के वादे और मुद्रास्फीति को, जब तक कि कीमतें लगातार और परेशान करने वाले तरीके से बढ़ती नहीं हैं, लेकर चिंता नही करने के बयान के कारण भी कीमतों पर दबाव रहा। अन्य कारकों जैसे कि भू-राजनीतिक अनिश्चितता, वैश्विक व्यापक आर्थिक कारक, का सोने की कीमतों पर असर लगता है कि समाप्त हो गया है और सोने की कीमतों में गिरावट हो रही है। यदि इनमें से कोई भी परिवर्तन होता है, तो हम कीमतों में वृद्धि देख सकते हैं। क्रिप्टो पर धारणा और केंद्रीय बैंक की डिजिटल मुद्राओं की शुरूआत पर भी नजर रखने की जरूरत है।

मार्च में, सर्राफा की कीमतें नरमी के रूझान के साथ साइडवेज कारोबार कर सकती है जहां हम निचले स्तर पर थोड़ी खरीददारी देख सकती हैं। चांदी की कीमतों में अधिक उठापटक होने की संभावना है और उच्च स्तर से बिकवाली हो सकती है।

प्रमुख खबरें

- **कोविड-19 राहत कानून को लेकर अनिश्चितता बरकरार:** निवेशक अब नए अमेरिकी कोरोनोवायरस राहत सहायता पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं जिसका उद्देश्य महामारी के आर्थिक असर को कम करना है। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने अपनी पहली विधायी जीत हासिल की क्योंकि प्रतिनिधि सभा ने 27 फरवरी, 2021 को 1.9 ट्रिलियन डॉलर के कोरोनावायरस राहत पैकेज पारित किया। अमेरिकी सीनेट ने राष्ट्रपति जो बाइडेन के राहत विधेयक पर बहस शुरू कर दी है, जिसका उद्देश्य कानून को किसी भी समझौते से पारित करना है। उम्मीद की जा रही है कि अमेरिका जल्द ही अधिक प्रोत्साहन पैकेज की घोषणा कर सकता है जिससे सोने की कीमतें बढ़ सकती हैं।

- **कोविड-19 वैक्सीन की धीमी शुरूआत:** वैश्विक स्तर पर कोरोनावायरस टीकों को लगाया जाना कभी भी आसान नहीं रहने वाला है। उम्मीद यह थी कि टीके से महामारी समाप्त हो जाएगी और दुनिया जल्दी से सामान्य स्थिति में आ जाएगी। लेकिन टीकाकरण की गति बहुत धीमी है। फरवरी तक, लगभग 7% अमेरिकियों को पूरी तरह से टीका लगाया गया है। यह आंकड़ा अटलांटिक के पार भी कम है। कोरोना के म्यूटेशन और नए स्ट्रेन की समस्या भी है जो सामूहिक प्रतिरक्षा के लक्ष्य को आगे बढ़ा रहे हैं। टीके से टीकाकरण तक की गति जितनी ही लंबी और बाधाओं वाली होगी, प्रतिबंध और सामाजिक दूरी बनाए रखने के उपायों को उतनी ही धीमी गति से उठाया जाएगा, महामारी का आर्थिक असर उतना ही लंबा होगा और आसान राजकोषीय और मौद्रिक नीतियां बनी रहेंगी ।

- **फेडरल रिजर्व का निर्णय:** सोने की कीमतों में रिकवरी हो सकती हैं यदि फेड यह कहता है कि वह बांड यील्ड को नियंत्रित करेगा या हमें मुद्रास्फीति में तेज उछाल देखने को मिलती है जिसका अर्थ है कि यह फेड के नियंत्रण से बाहर निकलने जा रहा है। विश्लेषकों का कहना है कि अधिक यील्ड फेड को मौद्रिक परिस्थितियों को जल्द से जल्द सख्त करने के लिए मजबूर कर सकता है, जो कि सोने के लिए नकारात्मक है। लेकिन फेड अधिकारियों ने कहा है कि मुद्रास्फीति में संभावित उछाल के बावजूद अर्थव्यवस्था में बढ़ावा देने के लिए वे अपनी आसान धन योजनाओं को बनाए रखेंगे।

- **विश्व स्तर पर सोने की मांग**

  वर्ल्ड गोल्ड काउंसिल (डब्ल्यूजीसी) की नवीनतम रिपोर्ट के अनुसार वैश्विक स्तर पर सोने की मांग 2020 में 11 साल में सबसे कम 3,759.6 टन रही, जबकि मुख्य रूप से अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में मांग सबसे कम रही और दुनिया भर में कोविड-19 संबंधित व्यवधानों की वजह से पूरे साल में उपभोक्ताओं के बीच उत्साहजनक सेंटीमेंट नही रहा। डब्ल्यूजीसी की 2020 की रिपोर्ट के अनुसार, 2019 के दौरान सोने की कुल माँग 4,386.4 टन थी, जबकि 2009 में कुल माँग 3,385.8 टन थी।

एमसीएक्स में सोने की कीमतों में बदलाव

कोमेक्स में सोने की कीमतों में बदलाव

स्रोत: रायटर्स

एमसीएक्स में चांदी की कीमतों में बदलाव

स्रोत: रायटर्स

कोमेक्स में चांदी की कीमतों में बदलाव

स्रोत: रायटर्स

मार्च 2021 में, सोने की कीमतें नरमी के रूझान के साथ 43100-46500 रू और चांदी की कीमतें 65000-71000 रू के दायरे में कारोबार कर सकती है। जबकि कोमेक्स में सोने की कीमतें 1660-1800 डॉलर और चांदी की कीमतें 24.60-27.40 डॉलर के दायरे में कारोबार कर सकती है।

- **भारत में सोने की मांग**

  भारत में भौतिक सोने की मांग में तेजी आई क्योंकि खुदरा खरीदारों और ज्वैलरों ने आठ महीने के निचले स्तर पर पहुंची कीमतों के बाद खरीददारी बढ़ा दी है, जबकि सिंगापुर में सोने और चांदी दोनों में स्थिर दिलचस्पी दिखाई दी है। डीलरों ने आधिकारिक घरेलू कीमतों पर लगभग 4 डॉलर/औंस के प्रीमियम वसूला है, जिसमें 12.5% आयात और 3% बिक्री लेवी शामिल है।

  वर्ल्ड गोल्ड काउंसिल (डब्ल्यूजीसी) की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि 2021 में भारतीय उपभोक्ताओं के बीच सोने की मांग के रिकवर होने के आसार हैं। सोने पर आयात शुल्क को कम करने के अलावा, सरकार ने भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) को सोने के घरेलू हाजिर एक्सचेंज के लिए एक नियामक के रूप में अधिकृत करने का भी प्रस्ताव किया है।

- कोविड-19 के कारण होने वाली लॉजिस्टिक व्यवधानों के कारण 2020 में अनौपचारिक आयात 80 प्रतिशत तक गिरकर 20-25 टन रह गया, और उड़ानों पर मौजूदा प्रतिबंधों और कम सीमा शुल्क के कारण 2021 में अधिक प्रभावित हो सकता है। आयात लागत कम होने से 2021 में आधिकारिक आयात में बढ़ोतरी हो सकती है

सोने और चांदी का अनुपात



स्रोत: रायटर्स

एनॉलसिस: सोना/चांदी का अनुपात, जो सोने को खरीदने के लिए आवश्यक चांदी के औंस की संख्या को मापता है, फरवरी में कम हुआ है क्योंकि चांदी की तुलना में सोने की कीमतों में गिरावट हुई है। मार्च में सोने और चांदी का अनुपात 60-70 के दायरे में रह सकता है।

आप इस रिपोर्ट को हमारी वेबसाइट पर भी देख सकते हैं- www.smctradeonline.com

Corporate Office:
11/6B, Shanti Chamber,
Pusa Road, New Delhi - 110005
Tel: +91-11-30111000
www.smcindiaonline.com

Mumbai Office:
Lotus Corporate Park, A Wing 401 / 402 ,
4th Floor, Graham Firth Steel Compound,
Off Western Express Highway, Jay Coach
Signal, Goreagon (East) Mumbai - 400063
Tel: 91-22-67341600,
Fax: 91-22-67341697

Kolkata Office:
18, Rabindra Sarani, Poddar Court, Gate
No-4, 5th Floor, Kolkata-700001
Tel.: 033 6612 7000/033 4058 7000
Fax: 033 6612 7004/033 4058 7004

एसएमसी ग्लोबल सिक्योरिटीज लिमिटेड (जिसे एसएमसी कहा जाता है) का नियमन भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड द्वारा किया जाता है और इसे ब्रोकिंग व्यवसाय, डिपॉजिटरी सेवायें और संबंधित सेवायें करने का लाइसेंस प्राप्त है। एसएमसी ग्लोबल सिक्योरिटीज लिमिटेड नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड, बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज लिमिटेड, एमएसईआई(मेट्रोपॉलिटन स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड) का रजिस्टर्ड सदस्य है और एम/एस एसएमसी कॉमट्रेड नेशनल कमोडिटी एवं डेरिवेटिव्स एक्सचेंज लिमिटेड और मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज ऑफ इंडिया और भारत के अन्य कमोडिटी एक्सचेंजों का रजिस्टर्ड सदस्य है। इसकी सहयोगी एमसीएक्स स्टॉक एक्सचेंज लिमिटेड की सदस्य हैं। एसएमसी सीडीएसएल(CDSL) और एनएसडीएल(NSDL)के साथ डिपॉजिटरी भागीदार के रूप में भी रजिस्टर्ड है। एसएमसी के अन्य एसोसिएट सेबी और भारतीय रिजर्व बैंक के साथ मर्चेंट बैंकर, पोर्टफोलियो मैनेजर के रूप में रजिस्टर्ड है। यह म्यूचुअल फंड डिस्ट्रीब्यूटर के रूप में एएमएफआई(AMFI) में भी रजिस्टर्ड है।

एसएमसी ग्लोबल सिक्योरिटीज लिमिटेड सेबी (रिसर्च एनॉलिस्ट)रेगुलेशन 2014 के तहत रिसर्च एनॉलिस्ट के लिए रजिस्ट्रेशन संख्या INH100001849 के साथ रजिस्टर्ड संस्था है। एसएमसी ग्लोबल सिक्योरिटीज लिमिटेड या इसके सहयोगियों को सेबी द्वारा अन्य किसी रेगुलेटरी एथॉरिटी द्वारा सिक्योरिटीज मार्केट/कमोडिटी मार्केट में कारोबार के लिए प्रतिबंधित/निलंबित नही किया गया है। रिपोर्ट में रिसर्च एनॉलिस्टों द्वारा व्यक्त की गई राय केवल सार्वजनिक रूप से प्राप्त सूचनाओं/इंटरनेट आंकड़ों/अन्य विश्वसनीय स्रोतों, जिन्हें सत्य माना जाता है, पर आधारित है। एसएमसी रिपोर्ट में व्यक्त राय या सामग्री की शुद्धता को लेकर कोई आश्वासन नही देता है और निवेशकों को सलाह दी जाती है कि निवेश के लिए कोई भी निर्णय करने से पहले बाजार की परिस्थितियों/जोखिमों का स्वतंत्र रूप से मूल्यांकन करें। रिसर्च एनॉलिस्ट, जिन्होने इस रिपोर्ट को तैयार किया है, एतद् द्वारा प्रमाणित किया जाता है कि इस रिपोर्ट में विशेष कमोडिटी के संदर्भ में व्यक्त किया गया विचार/राय उनके निजी स्वतंत्र विचार/राय है।

डिसक्लेमर: यह रिसर्च रिपोर्ट अधिकृत प्राप्तकर्त्ता की व्यक्तिगत सूचना के लिए है और इसका निवेशक के किसी निवेश, विधिक एवं कर संबंधी परामर्श से संबंध नही हैं। यह केवल प्राइवेट सर्कुलेशन एवं उपयोग के लिए है। यह रिपोर्ट विश्वस्त सूचनाओं पर आधारित है लेकिन यह पूरी तरह सही और पूर्ण है, ऐसा जरूरी नही और इस पर पूरी तरह भरोसा नही किया जाना चाहिए। रिपोर्ट के कन्टेन्ट के आधार पर कोई कार्य नही किया जा सकता है। इस रिपोर्ट को एसएमसी से लिखित आज्ञा के बिना किसी भी रूप में नकल एवं किसी भी अन्य व्यक्ति को पुन: वितरण नही किया जाना चाहिए। इस सामग्री का कन्टेन्ट सामान्य है और यह न तो पूरी तरह से व्यापक है और न विस्तृत है। इस रिपोर्ट के आधार पर उठाये गये किसी कदम से होने वाली क्षति या नुकसान के लिए न तो एसएमसी और न इसका कोई संबंधी, सहायक, प्रतिनिधि, डॉयरेक्टर या कर्मचारी को उत्तरदायी ठहराया जाना चाहिए। यह कोई व्यक्तिगत अनुमोदन नही करता या किसी खास निवेश उद्देश्य, वितीय स्थिति या किसी व्यक्तिगत ग्राहक या कॉरपोरेट या सत्ता की जरूरतों को लेकर नही चलता है। सभी निवेश जोखिमपूर्ण होते है एवं पिछला प्रदर्शन भविष्य के किसी प्रदर्शन की गारन्टी नही देता है। निवेश की वैल्यू और उससे प्राप्त आमदनी एक निश्चित समय में उपलब्ध कुछ बड़े एवं सूक्ष्म कारकों के बदलाव पर निर्भर कर सकती है। निवेश का निर्णय लेते समय किसी भी व्यक्ति को अपने विवेक का इस्तेमाल करना चाहिए।

कृपया ध्यान रखें कि हम या हमारा कोई अधिकारी, सहायक, प्रतिनिधि, डॉयरेक्टर या कर्मचारी, जो भी इस रिपोर्ट को बनाने या भेजने में शामिल है उसकी (अ)समय-समय पर किसी भी कमोडिटीज में, जिनका इस रिपोर्ट में जिक्र किया गया है, खरीद या बिक्री, कोई भी पोजिशन हो सकती है और वह इस कमोडिटीज को खरीद या बिक्री कर सकता है या (ब) साथ ही साथ वह इन कमोडिटीज के किसी भी प्रकार के सौदों में और ब्रोकरेज या अन्य प्रकार के प्रतिकर में अथवा बाजार निर्माण में शामिल हो सकता है, (स) इस रिपोर्ट में दिए गये सुझावों और संबंधित सूचनाओं एवं विचारों के संदर्भ में इनका अपना कोई भी निहित स्वार्थ या विवाद हो सकता है। सभी विवादों का निपटारा अंतिम रूप से दिल्ली उच्च न्यायालय के न्यायाधीन होगा।